C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:21 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:56 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 80 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025

शाहरुख खान के फाउंडेशन ने की बाढ़ ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### लगातार बारिश से बेलुवाखान के समीप भूस्खलन से आफत

**नैनीताल।** बीते रात से लगातार हो रही तेज बारिश ने जनपद के कई क्षेत्रों में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शुक्रवार प्रात: लगभग 9:30 बजे बेलुवाखान के समीप भूस्खलन हो गया। भारी मात्रा में पहाड़ी का मलबा सड़क पर आने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया और त्वरित कार्रवाई के तहत लोक निर्माण विभाग  की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन लगाकर सड़क से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रही और लगातार हालात पर नज़र रखी जा रही है।  इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया आज सुबह बेलुवाखान के समीप पहाड़ी से भारी मात्रा में मलवा सड़क में आने से दोनों और से आवाजाही बंद गई है, जेसीबी की मदद से मलवा हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। कही पर भी ऐसी स्तिथि होती है तो तत्काल टीम रवाना की जा रही है और मलवा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### किसान गोष्ठी: गन्ने की उन्नत खेती पर दी जानकारी

**हल्द्वानी।** चकलुवा कालाढूंगी, जिला नैनीताल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंतनगर से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ. सिद्धार्थ कश्यप ने कृषकों को गन्ने की नई उन्नतशील प्रजातियों की जानकारी दी। साथ ही गन्ने की फसल में लगने वाले कीट व बीमारियों की पहचान और उनकी रोकथाम के उपाय भी बताए। महेश प्रसाद, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, किच्छा ने गन्ना विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। इस दौरान कुछ कृषकों ने उप खाद गोदाम को पूर्व की भांति चकलुवा में संचालित करने की मांग रखी, जिस पर समिति के सचिव एवं अध्यक्ष प्रताप सिंह सिद्धू ने सहमति जताई। गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह ने क्षेत्र में गन्ना बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं चीनी मिल के अधिशासी निदेशक ए.पी. बाजपेयी ने किसानों को मांग पर गन्ना बीज उपलब्ध कराने तथा गर्म नम वायु संयंत्र से बीज उपचारित करने की सलाह दी।

## जिलाधिकारी ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की समीक्षा की

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की कैंप कार्यालय में समीक्षा की। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा वर्षाकाल समाप्ति की ओर है इसलिए एयरपोर्ट की जद में आ रहे सभी कार्यालय भवन को शिफ्टिंग करते हुए शीघ्र ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने निदेशक वॉयोटैक को निर्देश दिये कि वॉयोटैक कार्यालय भवन को एक सप्ताह की भीतर शीघ्र शिफ्ट कराते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होने विद्युत लाईन को शिफ्ट करने हेतु अधिशासी अभियंता विद्युत, एसडीएम व पंतनगर विश्वविद्यालय के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर विद्युत लाईन को शीघ्र शिफ्ट कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे पेड़ो को कटवाने हेतु एसडीएम, वन विभाग,जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय व एयरपोर्ट के अधिकारियों को संयुक्त रूप से वृक्षों को चिन्हित कर पेड़ कटवाने की कार्यवाही करें। उन्होंने पीडी एनएचएआई को निर्देश दिये कि एनएच निर्माण हेतु कार्य योजना बनाकर सड़क निर्माण प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। डीएम  ने पंतनगर एयरपोर्ट जल भराव से निजाद हेतु सिंचाई विभाग, एचएचएआई, जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से ड्रेनेज सर्वे कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि प्रभावी रूप से जल निकासी हेतु कार्ययोजना बनाते हुए कार्यवाही हो सकें।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, एडीएम पंकज उपाध्याय, डेम जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय बीएस चलाल, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट अनूप गुप्ता, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, मुख्य कृषि अधिकारी/महाप्रबंधक टीडीसी डॉ अभय सक्सेना, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, निदेशक वॉयोटैक डॉ संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशान्त कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत राजीव चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

समारोह में धनखड़ व पीएम मोदी भी रहे मौजूद

## शपथ ग्रहण: सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने

नई दिल्ली
एजेंसी





देश के नए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में जीत हासिल करने वाले सीपी राधाकृष्णन ने आज यानी 12 सितंबर को पद की शपथ ग्रहण की। मंगलवार को हुए चुनाव में उन्होंने विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में उन्हें कुल 452 वोट मिले थे।

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था। इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण मध्यावधि चुनाव कराया गया। देश के 15वें उपराष्ट्पति चुने गए सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरुआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ। संघ से सक्रिय राजनीति में आए सीपी राधाकृष्णन ने भाजपा में संगठन में लंबे समय तक काम किया। 2004 से 2007 तक वह तमिलनाडु प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इस दौरान 2007 में उन्होंने 93 दिनों में 19,000 किलोमीटर लंबी रथ यात्रा की। इसका मकसद देश की नदियों को जोड़ना, आतंकवाद का उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करना, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों के खतरों से निपटना था। 2020 से 2022 तक वह केरल भाजपा के प्रभारी भी रहे।

## पुलिस का 18 लाख की साईबर धोखाधड़ी का पर्दाफाश, 2 शातिर साईबर ठग गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली खटीमा पुलिस ने साईबर धोखाधडी का खुलासा करते हुए दो साईबर शातिर अभियुक्तों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।साईबर ठगों ने उत्तराखंड सहित 10 से अधिक राज्यों में लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी स्वीकार की है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 7 सितंबर 2025 को पीड़ित अखिलानन्द उप्रेती, निवासी ग्राम बिल्हेरी चकरपुर, कोतवाली खटीमा ने तहरीर दी थी। जिसमें अज्ञात व्यक्तियों ने फोन पर संपर्क कर उसे झांसे में लिया और 18 लाख रुपये एनईएफटी के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मामले को गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर शीघ्र खुलासा के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गठित पुलिस टीम ने तकनीकी व सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ठगी की राशि फर्म ओम संस्कृति सस्कृत गोल्डन इंटरनेशनल प्राईवेट लिमटेड के खाते में भेजी गई थी। यह खाता  ङ्क्षह्वस्ङ्क्षह्व बैंक, गोमती नगर, लखनऊ में संचालित था। धारक कमलेश कुमार और सतीश कुमार निवासी मलीहाबाद, लखनऊ यूपी निकले। पुलिस ने  रणनीति बनाकर बैंक प्रबंधन से सतर्क किया और संदिग्ध खाता धारकों पर निगरानी रखी। पुलिस ने  दोनों आरोपियों को बैंक से संदिग्ध पूछताछ के बाद हिरासत में लेकर खटीमा लाया गया। पुलिस पूछताछ में  दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने धन के लालच में एक कंपनी के नाम से खाता खुलवाया था, जिसमें प्रतिदिन 5 करोड़ रुपये तक की लेनदेन सीमा रखी गई थी। इस खाते का उपयोग बड़े पैमाने पर अवैध ट्रांजैक्शन के लिए किया जाता था। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में यह भी पता चला कि दोनों साईबर ठगों ने  उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश,पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरल, कर्नाटक, अण्डमान-निकोबार, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, उड़ीसा और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों से सिर्फ दो दिनों में लगभग 1.86 करोड़ रुपये की साईबर ठगी की।इसके अलावा आरोपियों के बैंक खाते से जुड़ी लगभग 25 अन्य शिकायतें भी दर्ज हैं।पूछताछ में यह भी सामने आया कि 6 सितंबर 25 को अभियुक्तों ने कई व्यक्तियों से अपने खाते में रकम मंगवाई और तत्पश्चात मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर दी। इस अपराध में उनका एक अन्य साथी अनुराग निवासी सीतापुर यूपी भी शामिल था, जो मोबाइल पर लाभार्थी जोड़ने और ट्रांजैक्शन की तकनीकी भूमिका निभाता था। एसएसपी ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी,एसएसआई ललित सिंह रावल, चौकी प्रभारी चकरपुर विकास कुमार,हेड कांस्टेबल संजय कुमार, पूरन सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## नगर निगम प्रशासन ने आवास विकास रिंग रोड से हटाया अतिक्रमण, सामान किया जब्त

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

नगर निगम प्रशासन का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने गुरूवार को आवास विकास रिंग रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। प्रशासन ने सड़क पर खड़ी ठेलियों को हटाया गया साथ ही नगर सड़क पर लगे बोर्ड भी हटाये गये।नगर निगम की टीम ने सामान भी जब्त किया साथ अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी भी दी। गुरुवार को सहायक नगर आयुक्त रणदीप कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम जेसीबी और लाव लस्कर के साथ आवास विकास रिंग रोड पहुंची। सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से बोर्ड, स्टैंड एवं अन्य सामान रखे गए थे, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हाल ही में क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्डवासियों ने महापौर से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर महापौर ने तत्काल नगर निगम के अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे लगाए गए अवैध बोर्ड, साइन बोर्ड, स्टैंड इत्यादि ठेली आदि हटा दिये। इस दौरान कुछ सामान भी जब्त किया गया। अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान नगर नि गम की टीम ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## वार्ड संख्या 15 और 20 के पार्षद कार्यालयों में  जन सुविधा शिविर आयोजित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में  नगर निगम के वार्ड संख्या 15 और 20 के पार्षद कार्यालयों में  जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत तथा सामूहिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जन सुविधा शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपालसिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जी. के. भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, वार्ड संख्या 15 के पार्षद सलमान सिद्दीकी तथा वार्ड संख्या 20 की पार्षद हेमंत शर्मा उपस्थित रहे।

जन सुविधा शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके वार्ड क्षेत्र में ही संपूर्ण नागरिक सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जहाँ आधार कार्ड बनवाने एवं संशोधन, राशन कार्ड, विवाह पंजीकरण, बिजली-पानी जैसी सेवाओं के साथ-साथ नगर निगम एवं पूर्ति विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को आवश्यक सेवाओं तक सहज और सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

# मोटर मार्ग की बदहाली पर लोग गुस्से में

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के गरमपानी-बेतालघाट ब्लॉक को जोड़ने वाली सबसे प्रमुख शहीद बलवन्त सिंह मोटर मार्ग पिछले कई दशक से बदहाल पड़े होने के चलते वीरवार को पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पी. सी. गोरखा तथा पूर्व ग्राम प्रधान मल्ला बर्धो त्रिभुवन सिंह मेहरा के नेतृत्व में कोसी घाटी के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों द्वारा बर्धो के शिव मन्दिर में एक विशाल आंदोलन किया गया जिसमें आसपास के गाँव तल्ला बर्धो तथा मल्ला बर्धो, नैनीचैक, थापली, कोरड, हल्सो, तिवारी गाँव, रतौडा तथा आमबड़ी इत्यादि गाँव से लोगो द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शिरकत की गई।



इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि मार्ग के बदहाल होने से लगातार मार्ग में ग्रामीणों का आना जाना तक मुश्किल हो गया है जिसमें मार्ग में लगातार कई बड़े बड़े हादसे होते है, वही हल्की बारिश के बाद तुरंत पहाडियों से भारी मलवा आने से मार्ग बन्द हो जाते है तथा स्कूली बच्चों का आवागमन लगभग बन्द हो जाता है। जिसके चलते आज इस आन्दोलन की शुरुवात की गई है। पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पी. सी. गोरखा ने कहा कि शहीद के नाम पर बनी सडक को सरकार लगातार अनदेखा कर रही है इस मोटर मार्ग के लिए सरकार को कई बार ज्ञापन भेजे जा चुके है लेकिन सरकार द्वारा मार्ग ना बनाने की मंशा रखी गयी है। इस मार्ग के लिए राज्य के मुखयमंत्री जी द्वारा दस करोड़ की घोषणा की जा चुकी है बाबजूद अभी तक इस मार्ग के लिए कोई बजट तक स्वीकृत नहीं किया गया है जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार शहीद के नाम पर बनी सडक के कतई गंभीर नही है। पूर्व ग्राम प्रधान मल्ला बर्धो त्रिभुवन सिंह मेहरा ने बताया कि भारत पाकिस्तान के कारगिल युद्ध मे बर्धो निवासी शहीद बलवन्त सिंह मेहरा ने इस देश के लिए अपना सबसे बड़ा बलिदान दिया है लेकिन आज सरकार द्वारा उनके नाम पर बनी सडक को ही बदहाल छोड़ रही है। धरने के दौरान मौके पर श्री कैची धाम तहसील की उपजिलाधिकारी मोनिका पहुँची तथा सभी ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि उनकी सभी मांगों को प्रमुखता से आगे बढ़ाया जाएगा। वही शहीद बलवन्त सिंह मोटर मार्ग के लिए एस्टीमेट बना लिया गया है। जिसका जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।




# ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं के लिए मोमबत्ती प्रशिक्षण बेहद कारगार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा वीरवार को आर्या परियोजना के तहत ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं हेतु सिलीकॉन मोल्ड द्वारा पैराफ़ीन मोम एवं सोया मोम का प्रयोग करके पांच दिनी शोभाकारी मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्र प्रभारी अधिकारी डा. सी. तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रभारी अधिकारी डा. तिवारी द्वारा प्रशिक्षणार्थी के औपचारिक स्वागत के साथ मोमबत्ती निर्माण कला का महत्व, बाजारीकरण की बारीकियों एवं आयोपार्जन में सहायक होने के विन्दुओं पर वैज्ञानिक जानकारी दी गई। डा. सुधा जुकारिया के मार्गदर्शन में केन्द्र के प्रशिक्षण द्वारा तैयार मास्टर ट्रैनर मंजू देवी, काजल आर्या, मधु देवी, गीता नेगी व पूजा कौटलिया एवं रक्षिता बोरा की टीम ने प्रशिक्षार्थियों को सिलीकॉन मोल्ड द्वारा पैराफ़ीन मोम एवं सोया मोम का प्रयोग करके शोभाकारी मोमबत्ती बनाने का प्रथम दिवसीय चरण का कार्य संपन्न किया। प्रशिक्षणों उपरान्त बिचार विमर्श के दौरान डा. बलवान सिंह द्वारा वर्षाऋतु मे दुधारू पशुओं एवं कुक्कुट पालन में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। डा. वी. के. सिंह द्वारा मत्स्य पालन को आयोपार्जन हेतु अपनाएं जाने के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। डा. शशि तिवारी द्वारा ऑनलाईन बाजारीकरण के माध्यम से मोमबत्ती निर्माण द्वारा आयोपार्जन बढ़ाने के तरीके की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम गेठिया, गेठिया पडाव एवं सरियाताल की 30 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम संचालन में डा. राकेश मेर, डा. महेन्द्र कुमार शर्मा, विमल शर्मा, कमला सत्यापाल, महिपाल चन्द्र लोहनी, मनोज कुमार, गोविन्दी देवी एवं सुमित कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

# पर्यावरण मित्र यूनियन के सोनू मुल्तानी अध्यक्ष,अंकित महामंत्री बने

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम रुद्रपुर की पर्यावरण मित्र यूनियन के चुनाव गहमागहमी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के बाद सोनू मुल्तानी को यूनियन का नया अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। जबकि अंकित आदिवासी को निर्विरोध महामंत्री चुना गया। चुनाव के परिणाम घोषित होते ही महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम कार्यालय में दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में पर्यावरण मित्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ये हमारे शहर की सफाई व्यवस्था की असली रीढ़ हैं। मैं उम्मीद करता हूँ कि सोनू मुल्तानी और अंकित आदिवासी जैसे ऊर्जावान और समर्पित प्रतिनिधि यूनियन को नई दिशा देंगे। पर्यावरण मित्रों की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम उनकी हर जायज मांग पर सकारात्मक कदम उठाएंगे। सफाई कर्मचारियों को केवल कर्मी नहीं बल्कि स्वच्छता सैनिक समझा जाना चाहिए। निर्वाचित अध्यक्ष सोनू मुल्तानी ने महापौर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह पर्यावरण मित्रों की सेवा और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहूंगा। हमारा प्रयास होगा कि हर मित्र को उनका उचित सम्मान मिले और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए महामंत्री अंकित आदिवासी ने कहा कि यूनियन की एकता, पारदर्शिता और कर्मठता हमारी प्राथमिकता रहेगी। हम सब मिलकर एक सशक्त संगठन बनाएंगे, जो कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए नगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाएगा।



## NEWS / फटाफट

### प्रो.रावत का गुरुजनों व विद्यार्थियों ने किया स्वागत



**नैनीताल** । कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को विज्ञान और शोध कार्य के लिए प्रतिष्ठित सममान फैलो ऑफ नेशनल एकेडमी (एफ एनए) मिलने पर विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के रसायन विज्ञान विभाग परिवार द्वारा वीरवार को उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस विशेष मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने उनकी रिसर्च उपलब्धियों 22 पेटेंट्स,175 रिसर्च पेपर्स को गिनाते हुए हर्ष जताया तथा कहा कि ये सम्मान विश्वविद्यालय और विभाग के लिए गौरव की बात है, हम सभी को उनके मार्गदर्शन में और भी नई उपलब्धियों को प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। उत्तराखंड में रसायन विज्ञान को 46साल बाद यह सम्मान प्रो. डी. एस. भाकुनी के बाद प्रो. रावत को मिला है। इस मौके पर प्रो.नंद गोपाल साहू, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. शहराज अली, डॉ. सुहेल जावेद, प्रो. महेश चंद्र आर्या, डॉ. मनोज धुनी, डॉ. पैनी जोशी उपाध्याय, डॉ. ललित मोहन, डॉ. गिरिश खर्कवाल, डॉ. दीपशिखा जोशी समेत आंचल अनेजा, डॉ. आकांक्षा रानी और डॉ. भावना पंत सहित रसायन विभाग के शोधार्थियों, एम एससी के विद्यार्थी व कर्मी उपस्थित रहे।

### नैनीताल के16 गुरुजन हुए नेशन बिल्डर अवार्ड से सममानित



**नैनीताल**। नैनीताल में रोटरी कलब का 74वां अधिष्ठान समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर नैनीताल के प्रसिद्ध होटल व्यवसाई और सक्रिय रोटेरियन शैलेन्द्र शाह को कलब का वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही शिवांगी शाह दूसरी बार सचिव चुनी गयी। बता दें अधिष्ठान समारोह में मुखय अतिथि रोटरी मंडल 3110 के मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी, विशेष अतिथि मोहन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष जैन सभी ने सह पत्नी शिरकत की। समारोह में रोटरी कलब नैनीताल की नई कार्यकारणीय समिति घोषित की गई। इस अवसर पर रोटरी कलब नैनीताल में 9 नए सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर रोटरी कलब नैनीताल की सदस्यता प्राप्त की। नए सदस्यों में इंडिया होटल के योगेश शाह, नैनीताल के पत्रकार अरुण कुमार शाह, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विमल चौधरी, अनुपम रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर रुचिर शाह तथा विक्रम स्याल की पत्नी और फ्रीलांसर मीरा स्याल, सनवाल स्कूल की प्राचार्य अमरदीप इमैनुअल, उच्च न्यायालय नैनीताल के वरिष्ठ वकील सैयद काशिफ जाफ री, भीमताल के बिल्डर डेवलपर ऋषि दुआ और भीमताल के उद्यमी प्रणय मुटरेजा शामिल रहे। इस अवसर में अलग अलग विद्यालयों से 16 गुरुजनों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सममानित किया गया,साथ ही नए इंटरेट कलब नैनीताल से सनवाल स्कूल और भीमताल में स्थित हरमन माइनर स्कूल में नए इंटरेट कलब बनाने की घोषणा भी की गई। समारोह में उपस्थित 8 इंटरेट कलब के अध्यक्ष और टीचर कॉर्डिनेटर को समानित किया गया और नई कार्यकारिणी के बैजेस भी प्रदान किए गए। समारोह का सफ ल मंच संचालन कलब ट्रेनर रोटेरियन विक्रम स्याल ने किया ।

### हर वार्ड होंगे 10 नए स्ट्रीट लाईटों से रोशन,कवायद शुरु

**नैनीताल** । नैनीताल में लोगों की सुविधा को देखते हुए पालिका की ओर से अलग अलग स्थानों पर आवश्यकता अनुसार 150 स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं जिन्हें लगाने का कार्य वीरवार से शुरू कर दिया गया है। बता दें नैनीताल के प्रत्येक वार्ड में 10-10 लाइटें लगाई जाएंगी ताकि रात्रि के समय लोगों को आने जाने में सुविधा हो। पालिका क्षेत्रांतर्गत कई स्थानों पर लाइट न होने और कुछ स्थानों पर लाइटें खराब होने के चलते लोगों को रात्रि के समय आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए पालिका की ओर से विभिन्न स्थानों पर आवश्यकता अनुसार यह लाइटें लगाई जा रही हैं। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (द्वितीय) विनोद जीना ने बताया कि शहर में पालिका कुल 150 स्ट्रीट लाइट लगा रही है। प्रत्येक वार्ड में दस दस लाइटें लगाई जाएंगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नैनीताल पहुंचे एआईसीसी के पर्यवेक्षक खुखदेव पांसे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत वीरवार को नैनीताल के गोवर्धन हाल में नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने बताया कि बैठक में एआईसीसी से नामित जिले के पर्यवेक्षक व मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे व पीसीसी द्वारा नामित पर्यवेक्षक संदीप सहगल व पुष्कर जैन ने संगठन की मजबूती व नए जिलाध्यक्ष के लिए बंद कमरे में गोपनीय तरीके से नये जिलाध्यक्ष के लिए नगर के कांग्रेस जनों से रायशुमारी की। बैठक में जिलाध्यक्ष पद के दावेदार भी उपस्थित रहे। बैठक में पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, नगर से पीसीसी सदस्य,पार्टी से जुड़े तीनों पूर्व पालिकाध्यक्षण, सभासदगण तथा नगर कांग्रेस कमेटी व सभी फ्रंटल संगठनों के सभी कांग्रेस जनों ने शिरकत की।




# नारी चेतना की प्रतीक हैं महादेवी वर्मा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कवयित्री महादेवी वर्मा के 38वें स्मृति दिवस के विशेष मौके पर वीरवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय की महादेवी वर्मा सृजन पीठ द्वारा राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में महादेवी वर्मा की कविताओं की सस्वर पाठ प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अनुवादक और छायाकार विपिन शुकला ने कहा कि महादेवी वर्मा का हिंदी साहित्य जगत में विशिष्ट स्थान है। छायावाद का प्रमुख स्तंभ होने के साथ ही वह बीसवीं सदी की भारतीय नारी चेतना की आज एक प्रकार से प्रतीक हैं। महादेवी की रचनाओं में स्थानीय पात्र जिस व्यापकता के साथ मुखर हुए हैं, वह उनका स्थानीय परिवेश के साथ जुड़ाव ही है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. माया शुकला ने कहा कि हिंदी साहित्य को महादेवी वर्मा की जो देन है उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। उनके साहित्य में प्रेम, वेदना और परोपकार के जो भाव नजर आते हैं व्यक्तिगत जीवन में भी वह उसकी प्रतिमूर्ति थीं। प्राध्यापक डॉ. संध्या गडकोटी ने कहा कि महादेवी आधुनिक हिंदी साहित्य जगत में पहली नारीवादी लेखिका कही जा सकती हैं। रहस्य व करूणा की कवयित्री कही जाने वाली महादेवी की करूणा सामान्य जन की करूणा है।

महादेवी वर्मा की कविताओं की सस्वर पाठ प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ की 11 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गरिमा आर्या ने प्रथम, ललिता रावत ने द्वितीय व यमुना गोस्वामी ने तृतीय जबकि पलक व पूजा और दीपशिखा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार स्वरूप ट्राफ ी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और महादेवी वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्रा पायल रावत के संयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं ने कुलगीत, सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरीश चन्द्र जोशी तथा डॉ. निर्मला रावत ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित आर्य, कविन्द्र प्रसाद, कुन्दन गोस्वामी, बहादुर सिंह कुँवर व ललित नेगी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अभिमत



## पूरा महकमा बीमार

*यह कहना प्रासंगिक और कटु सत्य है कि पूरा महकमा बीमार है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) भवाली में एक विशेषज्ञ डाक्टर के नियमित रूप से उपस्थित नहीं होने की शिकायत मिली। डाक्टर दस दिन में एक बार अस्पताल आते हैं और उसी दिन रजिस्टर में पिछले दिनों के भी हस्ताक्षर करते हैं। एसडीएम ने जांच कर जानकारी कुमाऊं आयुक्त को दी। हैरान करने वाली बात तो यह है कि नैनीताल के सीएमओ को भी कोई जानकारी नहीं थी। सीएमएस ने सीएमओ को नहीं बताया। इससे पता चलता है कि सिर्फ एक डाक्टर ही लापरवाह नहीं है, बल्कि उसके उच्चाधिकारी भी उसी की तरह हैं।*

उत्तराखंड में चिकित्सा व्यवस्था की दयनीय स्थिति में सुधार के प्रयास नाकाम साबित हुए हैं। यह कहना प्रासंगिक और कटु सत्य है कि पूरा महकमा बीमार है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में एक विशेषज्ञ डाक्टर के नियमित रूप से उपस्थित नहीं होने की शिकायत मिली। डाक्टर दस दिन में एक बार अस्पताल आते हैं और उसी दिन रजिस्टर में पिछले दिनों के भी हस्ताक्षर करते हैं। एसडीएम ने जांच कर जानकारी कुमाऊं आयुक्त को दी। हैरान करने वाली बात तो यह है कि नैनीताल के सीएमओ को भी कोई जानकारी नहीं थी। सीएमएस ने सीएमओ को नहीं बताया। इससे पता चलता है कि सिर्फ एक डाक्टर ही लापरवाह नहीं है, बल्कि उसके उच्चाधिकारी भी उसी की तरह हैं। कमिश्नर ने मामले को गंभीर मानते हुए स्वास्थ्य निदेशक को जांच के आदेश दिये हैं। सवाल यह है कि स्वास्थ्य निदेशक अपने अधीनस्थ अधिकारियों से क्या नियमित रिपोर्ट नहीं लेते हैं? इस सवाल का जवाब यह होगा कि स्वास्थ्य निदेशक भी सीएमओ की तरह ही कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य निदेशक से जांच कराने का औचित्य समझ से परे है। पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में डाक्टर तैनात नहीं होना चाहते हैं। राजधानी देहरादून, महानगर हल्द्वानी और जिला मुख्यालयों के अस्पतालों से सुदूर पर्वतीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में तबादला होने पर डाक्टर महीने में एक-दो दिन जाकर हाजिरी लगा देते हैं। पर्वतीय क्षेत्र के जिला चिकित्सालयों में डाक्टर होने पर भी गंभीर मरीजों को हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। पहाड़ के अस्पतालों की दयनीय हालत से प्रदेश सरकार से लेकर अधिकारी तक अनभिज्ञ नहीं हैं। सीएचसी से जिला मुख्यालय के अस्पताल में रेफर किया जाता है, उसके बाद देहरादून और हल्द्वानी भेज दिया जाता है। कई बार एम्बुलेंस मिलने में देरी से हायर सेंटर पहुंचने से पहले मरीज रास्ते में दम तोड़ देते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग सीएमएस और सीएमओ को शिकायत करते हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया जाता है, क्योंकि डाक्टरों से उनकी मिलीभगत होती है। सीएचसी के डाक्टर द्वारा दस दिन की हाजिरी एक ही दिन लगाने के मामले में प्रथमदृष्टया सीएमएस और सीएमओ जिम्मेदार हैं। यह मामला कमिश्नर तक नहीं पहुंचता तो एसडीएम को जांच नहीं सौंपी जाती।

# रुद्रपुर में महिला हाट बाजार खोलेगा नगर निगमः महापौर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



राष्ट्रपति भवन में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर लौटी फुलवारी महिला समूह की टीम को नगर निगम सभागार में महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने सम्मानित किया। इस दौरान महापौर ने फुलवारी समूह की टीम को इस उपलब्धि के लिए 11 हजार का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। महापौर ने जल्द ही शहर महिला हाट बाजार खोले जाने का भी ऐलान किया। राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में 2 से 7 सितम्बर तक आयोजित हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी में उत्तराखंड से रुद्रपुर समेत तीन निकायों से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें नगर निगम से जुड़े फुलवारी महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से हैंडीक्राफ्ट्स, हैंडलूम, डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स, शहद सहित कई उत्पादों को अमृत उद्यान में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी मे मूंज घास की टोकरियां, डेकोरेटिव सामग्री और शहद को काफी पंसद किया गया। प्रदर्शनी में देश भर के कई राज्यों के स्टाल लगाये गये थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर फुलवारी समूह के स्टॉल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस स्टाल में पहुंची फुलवारी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रंजना सक्सेना एवं चांदनी जोशी ने उत्तराखंड के पारंपरिक परिधान पहनकर उत्तराखण्ड की संस्कृति को भी उजागर किया। जिसके लिए समूह की महिलाओं का चयन सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी किया गया। जिसकी सराहना की गयी। सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक के नेतृत्व में पहुंची फुलवारी समूह की महिलाओं को अमृत उद्यान का भ्रमण कराया गया। छह दिवसीय स्टाल के दौरान रुद्रपुर के महिला समूह ने 60 हजार रूपये के उत्पाद विक्रय किये। इस दौरान शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार की ज्वाइंट सेक्रेटरी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बुधवार को नगर निगम सभागार में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। महापौर ने राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शनी लगाकर लौटी टीम को सम्मान स्वरूप 11 हजार रूपया का पुरस्कार देने की घोषणा की। महापौर ने कहा कि पहली बार दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में सफल प्रदर्शनी लगाकर समूह की महिलाओं ने नगर निगम को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि लगातार हम महिला सशक्तिकरण के लिए काम काम कर रहे हैं हमारा प्रयास है कि महिला समूह आर्थिक रूप से सशक्त हों और अधिक से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनें। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से महिलाओं के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर पहले ही संचालित किया जा रहा है एक ओर बहुआयामी ट्रेनिंग सेंटर जल्द खोले जाने की तैयारी है। जिसमें व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ साथ आईएएस पीसीएस जैसी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जायेगी। जल्द ही शहर में महिला समूहों के लिए हाईटैक ब्यूटी पार्लर और सैलून खोलने की भी योजना है। कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, पार्षद चिराग कालड़ा,फुलवारी समूह की अध्यक्ष रंजना सक्सेना, सचिव ज्योति सिन्हा, कोषाध्यक्ष चांदनी जोशी, आधार संगठन की अध्यक्ष रेनू शर्मा, सचिव स्नेह लता, कोषाध्यक्ष ममता नेगी, शिप्रा अधिकारी, ममता आर्या आदि शामिल रहे।

## तल्लीताल क्षेत्र में सीवर लाईन चोक, लोग परेशान

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र के रामलीला स्टेज तथा मोटर गैराज के पास सीवर लाइन लंबे समय से चोक होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सीवर का गंदा पानी खुले में बह रहा है जिससे राहगीरों को गुजरने में दिक्कत हो रही है और क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में पर्यटन सीजन चरम पर है और इस तरह की स्थिति से नैनीताल की छवि धूमिल हो रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय सभासद शीतल कटियार ने अधिशासी अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान नैनीताल को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विभाग को पहले भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। कटियार ने मांग की कि जनहित और नगर की छवि को देखते हुए जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को दुरुस्त किया जाए ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# नैनीताल में हुई एनसीसी अधिकारियों में महत्वपूर्ण गोष्ठी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





एनसीसी ग्रुप मुखयालय के तत्वावधान दो दिवसीय त्रैमासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह ढैला ने की जबकि अध्यक्षता ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह ने की।

इस अवसर पर ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से सभी एनसीसी शिविरों में ड्रोन परीक्षण कैडेट्स के साथ साथ कर्मचारियों के लिए भी अनिवार्य कर दिया गया है। प्रशिक्षण उपरांत प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 के गणतंत्र दिवस परेड के लिए कैडेट्स का चयन किया जाएगा और उन्हें आगामी शिविरों में परेड से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कहा कि सितंबर-2025 में वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत गुंजी में कैंप आयोजित होगा तथा अकटूबर-2025 में एएलसी एवं बीएलसी कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में सोशल सर्विस के अंतर्गत रकदान शिविर,एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम तथा कैडेट्स के लिए 10 मीटर पिस्टल राइफल रेंज की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यालय के प्रशिक्षण अधिकारी ले. कर्नल कुनाल एस सुर्वे द्वारा सभी कार्मिकों को एनसीसी विभाग द्वारा कैडेटों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए प्रेरित किया गया एवं वर्ष 2025-26 में एनसीसी विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का किस तरह सफल संचालन किया जाये इस संबंध में एनसीसी महानिदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान गोष्ठी में 800 बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी ले. कर्नल देवश ऐरी,77 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल जितेन्द्र शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल नंदा वल्लभ पनेरु, 5-नेवल यूनिट के कमान अधिकारी कैप्टन (आईएन) मृदुल साह तथा एनसीसी सैनिक स्कूल के कमान अधिकारी कमाण्डर अर्चना चौधरी समेत सभी बटालियनों के मुखय प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## शाहरुख खान के फाउंडेशन ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद





*गुरुवार को एंटरटेनमेंट और बॉलीवुड जगत की कई खबरें सुर्खियों में रहीं। जहां एक तरफ शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया वहीं ऐश्वर्या राय के व्यक्तिगत अधिकारों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कपिल शर्मा को भी मनसे की ओर से चेतावनी दी गई। तो फिर बिना किसी देरी किए आपको उन ट्रेंडिंग खबरों के बारे में बताते हैं जो आज दिन भर चर्चाओं में रहीं। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान के मीर फाउंडेशन ने भी मदद का हाथ बढ़ाया है और पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक मदद पहुंचाई है। फाउंडेशन ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री दी है। मीर फाउंडेशन कुछ लोकल एनजीओ के साथ हाथ मिलाकर पंजाब बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर रहा है। इसके तहत जरूरी रिलीफ किट्स बांटी जा रही हैं, जिनमें दवाइयां, हाइजीन से जुड़ी चीजें, खाने-पीने का सामान, मच्छरदानी, तिरपाल की चादरें, फोल्डिंग बेड, कॉटन के गद्दे और दूसरे जरूरी सामान शामिल हैं। यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जैसे जिलों के कुल 1,500 परिवारों तक पहुंचेगी। इसका मकसद है कि लोगों को तत्काल स्वास्थ्य, सुरक्षा संग आश्रय की जरूरतें पूरी की जा सकें।*

## कपिल शर्मा को मनसे की चेतावनी

*महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने आज गुरुवार को कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने शो में मुंबई को %बॉम्बे% या %बंबई% कहना बंद करें। उन्होंने कहा कि इन नामों से संबोधित करके शहर का अपमान न किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि अगर कपिल ऐसा करना बंद नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ा एक्शन शुरू होगा। मनसे के नेता अमेय खोपकर ने कपिल शर्मा को चेतावनी दी है। पार्टी की फिल्म शाखा के प्रमुख अमेय खोपकर ने कहा, इस शहर का नाम मुंबई है। कपिल शर्मा के शो में हम लंबे समय से और इस नए सीजन के शुरू होने से पहले भी देखते आ रहे हैं कि इस शहर को हमेशा बॉम्बे या बंबई कहा जाता है। हम इसका विरोध करते हैं। यह कोई आपत्ति नहीं, बल्कि गुस्सा है।*

# जिले में 16 को हर बलाक में होगा विशेष बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के सभी विकास खण्डों में आगामी 16 सितंबर (मंगलवार) को विशेष बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।इन शिविरों में आम जनता की समस्याओं को सुना जाएगा तथा मौके पर ही उनका समाधान व कार्यवाही की जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ भी क्षेत्रीय जनता को प्रदान किया जाएगा।

इस बीच विकास खण्ड स्तरीय विशेष बहुउद्देश्यीय शिविर के आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु वीरवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने अधिकारियों के साथ बैठक कर शिविर के आयोजनों के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिविरों में प्रत्येक विभाग की प्रतिभागिता आवश्यकीय है, यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि जो जिममेदारी उन्हें दी गई है समय पर उसका अनुपालन हो।कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर उप जिलाधिकारी शिविर के नोडल अधिकारी होंगे। वह सभी विभागों के साथ समन्वय कर शिविर का सफल आयोजन कराएंगे। तथा सह नोडल अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी होंगे जो क्षेत्रीय जनता को अभी से शिविर के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए प्रचार प्रसार करेंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए जायेंगे। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी तथा वर्चुअल के माध्यम से सभी उप जिला अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



News कॉर्नर

## आर्थिक तंगी के चलते बीएससी के छात्र ने मौत को गले लगाया

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बीएससी के छात्र ने गले में फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों को पता चलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने। शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर नई बस्ती निवासी 19 वर्षीय मोहित शर्मा पुत्र स्व वेद प्रकाश शर्मा एमबीपीजी हल्द्वानी से बीएससी दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। घर की आर्थिक स्थिति सही न होने के चलते पिछले करीब छह माह से सिडकुल में नौकरी भी शुरू कर दी थी। परिजनों के मुताबिक मोहित बुधवार को नाइट शिफ्ट करने के बाद गुरुवार सुबह घर पहुंचा और चाय नाश्ता करके कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। घरवालों को लगा कि मोहित नाइट शिफ्ट करके आया है और रोज की तरह सो गया। दोपहर में खाना खाने के लिए उसकी भाभी जब कमरे से आवाज लगाई तो कोई उत्तर न मिला। भाभी को अनहोनी का संदेह हुआ। दरवाजा तोड़ कर देखा तो मोहित फंदे से लटका हुआ था। उसे लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। वार्ड के किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसआई महेश कांडपाल,एसआई कीर्ति भट्ट मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक मोहित ने पड़ोसी से कुछ रुपए कर्ज लिए थे, जिसके चलते वह ज्यादा परेशान था। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास मिला सुसाइड नोट में आर्थिकी तंगी और कुछ न कर पाने की बात लिखी है। फिलहाल पुलिस घरवालों से पूछताछ कर रही है। प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या लग रहा है। पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगा।

# क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में नैनीताल के पीपीजे के खिलाड़ियों का दबदबा

नैनीताल

हमारे संवाददाता




जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर बरेली में आयोजित क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय नैनीताल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच पीपीजे नैनीताल के खिलाड़ियों ने दमदार कुश्ती दिखाते हुए कई भार वर्गों में पदक अपने नाम किए।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक अंडर-17 वर्ग में सम्राट चौधरी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंडर- 19 वर्ग में विद्यालय के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। इस वर्ग में देव चड्ढा (79 किग्रा), मनन (86किग्रा), आरुष चौधरी (74 किग्रा) और प्रणव (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में चन्द्रेश जोशी (55 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन सभी खिलाड़ियों का चयन भोपाल (मध्य प्रदेश) में होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि श्विद्यालय के छात्रों की यह कामयाबी हम सभी के लिए गर्व का विषय है। बोले- पीपीजे परिवार हमेशा से विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहा है। हमारे खिलाड़ियों ने जो मेहनत और लगन दिखाई है वह निश्चित ही अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हमें पूरा विश्वास है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ये छात्र अपना परचम लहराएँगे और विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम और ऊँचा करेंगे, विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी और कुश्ती कोच उमेश शर्मा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि श्निरंतर मेहनत और अनुशासन के बल पर हमारे पहलवान इस मुकाम तक पहुँचे हैं। हमें विश्वास है कि भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा कि हमारे छात्र-छात्राएँ पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, यह विद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कामयाबी है।

# जिलेभर में देर रात 'ऑपरेशन रोमियो' अभियान चलाया गया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और यातायात अनुशासन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस द्वारा जिलेभर में देर रात 'ऑपरेशन रोमियो' अभियान चलाया गया। इस अभियान की कमान स्वयं एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने संभाली और वे पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे। अभियान के तहत शहर के संवेदनशील इलाकों में सघन चेकिंग की गई और सार्वजनिक स्थानों पर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले 17 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज किए गए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर नशा और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ 93 चालान किए गए, जिन पर कुल 29,250 का जुर्माना वसूला गया। कुल 144 चालान काटे गए।



हल्द्वानी शहर में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और टीम ने भी देर रात कई स्थानों पर कार्रवाई की, जहां 16 ड्रंक ड्राइविंग के मामले सामने आए।

मल्लीताल क्षेत्र में एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र की टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर शांति भंग करने वालों पर 80 चालान किए और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की।

एसएसपी ने जनता से अपील की है कि वे नशे से दूर रहें, यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अराजकता की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

इस अभियान के माध्यम से पुलिस ने साफ कर दिया है कि महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सार्वजनिक अनुशासन को बनाए रखने में कोई समझौता नहीं होगा।

# रोटरी इंटरनेशनल के तत्वाधान में 41 शिक्षकों का किया सम्मान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब हल्द्वानी द्वारा रोटरी इंटरनेशनल के तत्वाधान में राजकीय विद्यालयों के कुल 41 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए नेशन बिल्डर अवार्ड दिए गए, मुख्य अतिथि रोटेरियन डॉ बी सी पाण्डेय, क्लब अध्यक्ष मनोज शाह, क्लब लर्निंग कमेटी चेयरमैन डॉ प्रविंद रौतेला, रो आर पी सिंह द्वारा संयुक्त रुप से सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

यह अवार्ड रोटरी क्लब द्वारा समस्त भारत में टीच प्रोग्राम के तहत दिया जाता है, इस आयोजन का संचालन क्लब सेक्रेटरी आशीष दुम्का व डी आई सी सी रो अनिल जोशी द्वारा किया गया। इस उपलक्ष मे रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज शाह ने बताया शिक्षक की शिक्षा कक्षा की चार दिवारी तक सीमित नहीं है , बच्चे के सर्वांगीण विकास करना आवश्यक है । इस कार्यक्रम मे सचिव श्री आशीष दुम्का, रमेश शर्मा, वी के लाहोटी, विजय शर्मा, अशोक मित्तल, डी एन भट्ट, श्रीष पाठक, आर आर आर्या, अनिल जोशी, अनिल कर्नाटक, ललित मोहन भट्ट, पी एस पपोला, जी एस सी बिष्ट , उदय भट्ट, विनोद गरकोटी, मोहन रावत, कुबेर भुटियानी, आदि उपस्थित रहे।



# कल से एशियन टेनिस फेडरेशन अंडर 14 बॉयज-गर्ल्स का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एशियन टेनिस फ़ेडरेशन अंडर 14 का 13 सितम्बर से चुनाखान में भव्य आयोजन होगा। डी०एस०रावत एवं परिवार द्वारा स्व० श्री बी०एस०रावत की पुण्य स्मृति में इस टूर्नामेंट का प्रतिवर्ष आयोजन करवाया जाता हैं।

एकेडमी में समय समय पर विभिन्न सीनियर तथा जूनियर वर्ग के जिला स्तरीय टूर्नामेंट संपन्न होते ही रहते हैं किन्तु विगत वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट फेन स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से सम्पन्न कराकर न केवल समस्त उत्तराखंड अपितु उत्तरी भारत में एकेडमी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। टूर्नामेंट सचिव डी०एस रावत ने अवगत कराया की एशियन फेडरेशन कप उत्तराखंड में प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अभी तक 161 खिलाड़ियों जिनकी आयु वर्ग 14 वर्ष है के द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है, जिसमें 95 बॉयज एवं 66 गर्ल्स हैं। विदेशी प्रतिभागी मिराज एड्बेर्क कज़ाकिस्तान, तोशिनो सुके जापान, ब्रूस्हें एवं स्वदेशी मुख्यतः देहली, बंगलौर, केरल, लुधियाना, जालंधर, मुंबई, कोलकाता, आसाम आदि शहरों से आ रहे हैं। इस टूर्नामेंट के सञ्चालन हेतु आयटा टेनिस संघ द्वारा मुंबई से रेफरी एंटोन डिसूज़ा के साथ 5 सदस्यीय एम्पायर की टीम 12 सितम्बर को एकेडमी पहुंच जायेगी। अक्टूबर में दिनांक 4 से 10 तक




आईटीफ़ अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ के तत्वाधान में पुनः 200 अंक का सीनियर वर्ग का टूर्नामेंट एम०टी०200 भी इसी एकेडमी में संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें की 30 से 75 वर्ष आयु के खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि करवा रहे हैं, जिसमें अभी तक 90 प्रविष्टि पंजीकृत हो चुकी हैं द्व उत्तराखंड राज्य एवं परिक्षेत्र में यह इवेंट अपनी ख्याति एवं गुण्वत्ता के आधार पर ही पुनः आयोजित हो रहा है, वर्ष 2024 में सर्वाधिक खिलाडी पंजीयन एवं संघ के प्रत्येक निर्धारित मानको पर खरा उतरने के उपरांत इस टूर्नामेंट को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ ने 100 से अपग्रेड कर 200 अंक हेतु अनुमोदित किया, जो की समस्त उत्तराखंड खेल जगत के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि इस टूर्नामेंट के डायरेक्टर अविनीश रस्तोगी हैं। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन नैनिताल के अध्यक्ष समीर वर्मा, सचिव हेम कुमार पाण्डेय एवं साकेत अग्रवाल प्रबंधक बीएलएम एकेडमी व डीएस रावत, निदेशक आप्टिमम टेनिस एशोसियेशन उपस्थित रहे।

# बिना जानकारी के करीब 3 लाख 80 हजार रुपये गायब, मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बैंकिंग और डिजिटल लेन-देन के बढ़ते उपयोग के बीच साईबर ठगी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ताजा मामला रुद्रपुर से सामने आया है, जहां एक ग्राहक के खाते से बिना उसकी जानकारी के करीब 3 लाख 80 हजार रुपये की चोरी हो गई। पीड़ित ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक काशीपुर रोड, रुद्रपुर निवासी भरत सिंह ने बताया कि उनका यूनियन बैंक में खाता है। वह 6 सितंबर 2025 को अपने मोबाइल के माध्यम से गूगल पे से फोन रिचार्ज करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन रिचार्ज सफल नहीं हो पाया। इसके बाद वह बैंक पहुंचे, जहां बैंक कर्मियों ने बताया कि उनका कार्ड पुराना हो चुका है और नया कार्ड लेने को कहा। नया कार्ड बनवाने के बाद जब उन्होंने एटीएम से 500 रुपये निकालने की कोशिश की तो पैसे खाते से नहीं निकले। बैंक से खाते की शेष राशि पूछने पर पता चला कि खाते में केवल 369 रुपये ही बचे हैं। भरत सिंह ने बताया कि उन्होंने ध्यान दिया तो पाया कि उनके खाते से 21 अगस्त 2025 से 5 सितंबर 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा कई ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 3,80,562 रुपये निकाल लिए गए हैं, जबकि उनके मोबाइल नंबर पर किसी भी प्रकार का कोई मैसेज या ओटीपी नहीं आया। इस घटना के बाद भरत सिंह ने तत्काल थाना ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर में जाकर साईबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 06/09/2021 को पहाड़गंज व रम्पुरा के बीच मध्य कल्याणी नदी पर एक महिला का शव मिला है। **जिसका हुलिया इस निम्न है:** उम्र 30 वर्ष पीली व लाल रंग का सूट लाल रंग की सलवार, लाल दुपट्टा, कानो में लाल रंग की ईयररिंग, बाये हाथ व दोनो पैरो में काला धागा बंधा है। बायें हाथ की हथेली में ओम खुदा हुआ है। **सूचना मिलने पर निम्न नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।-प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली रुद्रपुर 9411112901 एसआई प्रदीप कुमार, 8006710301**

# व्यापारी चौपाल स्वदेशी अभियान को लेकर वार्ता हुई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की प्रेस वार्ता रामपुर रोड स्थित हिंदू धर्मशाला में जिसमें आगामी शनिवार को व्यापारी चौपाल स्वदेशी अभियान को लेकर वार्ता हुई जिसमें जीवन सिंह कार्की कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश ने बताया उत्तराखंडके हल्द्वानी में दिनांक 13 सितंबर को अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में व्यापारी चौपाल में राज्यों के व्यापारी को एक साथ आने, व्यापारी ,सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने और स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर बनो मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक मंच है। जहां चर्चा होगी




'वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत की शपथ आह्वान और हालिया जी एस टी सुधारों को देशभर के व्यापारियों के लिए विकास और राहत का संदेश सिद्ध होगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी व्यापारी चौपाल का शुभारंभ करेंगे कार्यक्रम 1बजे से 5 बजे तक रुद्राक्षी बैंकट हॉल में 13 सितंबर शनिवार को व्यापारी चौपाल लगाई जा रही है जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है

प्रदेश संगठन महामंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में बड़े स्तर पर स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया है जिसमें आई टेस्ट हार्ड टेस्ट और फिजिशियन बैठेंगे इस स्वास्थ्य कैंप का भी लाभ उठाएं

वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जीवन सिंह कार्य की प्रदेश संगठन महामंत्री भूपेश बिष्ट प्रदेश कोषाध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल प्रदेश संयोजक ठेला बेंडर संगठन प्रमोद अग्निहोत्री जिला संगठन महामंत्री राघवेंद्र चौहान ग्रामीण नगर अध्यक्ष अजय डंगवाल महामंत्री भरत बगरवाल अवध बिहारी शर्मा प्रदेश मार्गदर्शक प्रदेश युवा महासचिव पंकज जोशी जिला सचिव चित्रेश जायसवाल मातृशक्ति में हमारे बीच उपस्थित रही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीप्ति चौपाल प्रदेश अध्यक्ष बीनू जायसवाल आदि।